हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024
नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 जंगल में बाबा की पूजा करने गए लोगों पर मधुमक्खियों ...



07 हनुमान जन्म उत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



### श्री हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा, मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

# श्री हनुमान भक्तों ने हर्षोल्लास से मनाया अपने इष्ट हनुमान जी का जन्मोत्सव

**पतित पावनी मां नर्मदा की धार्मिक नगरी में संकटों को हरने वाले वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में रामायण पाठ एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। वहीं भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रामभक्त हनुमानजी का जन्मोत्सव आज मंगलवार को मनाया जा रहा है। मंगलवार सुबह से ही हनुमान धाम में दर्शन करने वाले भक्तों का सिलसिला जारी है। जन्मोत्सव के लिए कई मंदिरों में सोमवार से ही अखंड रामायण पाठ हुए है। दोपहर में जन्मोत्सव के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ। शहर के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर, लोनिवि के पास संकटमोचन मंदिर, तपस्वी हनुमान मंदिर, संकटमोचन मंदिर मालाखेड़ी, प्रताप नगर हनुमान मंदिर, गोंदरी घाट हनुमान धाम सहित अन्य मंदिरों में उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में अखंड रामायण और सुंदरकांड पाठ हुए हैं। बजरंग दल और विहिप शाम 5 बजे रामजीबाबा के समाधि के पास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए खेड़ापति मंदिर पहुंची।







### हनुमान चालीसा, हनुमान आरती व भारत माता की आरती

मंगलवार सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भारत माता आरती आयोजन समिति द्वारा मंगलवार को भगवान हनुमानजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय सेठानी घाट पर शाम 7 बजे से भव्य हनुमान चालीसा का पाठ, राम स्तुति, हनुमान जी की आरती एवं भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। समिति की ओर से सुंदर बाल हनुमान प्रतियोगिता के चयनित बच्चों को सेठानीघाट पर आयोजित बाल हनुमान प्रतियोगिता के तहत पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। विदित हो कि सेठानीघाट पर प्रति मंगलवार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ समिति के द्वारा मंदिरों में 3 वर्षों से हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। शहर के अग्निहोत्री कालोनी स्थित मंदिर में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

# कक्षा पांचवीं और आठवीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं में नर्मदापुरम का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न परीक्षाओं का परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 5वीं में कुल 24.85 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ए प्लस अथवा ए ग्रेड परीक्षा उत्तीर्ण की।

वहीं कक्षा 8वीं में 33.59 प्रतिशत विद्यार्थियों ने ए प्लस अथवा ए ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण की। जिले में कक्षा 5वीं में परीक्षा परिणाम राज्य के औसत 90.97 प्रतिशत से 3.20 प्रतिशत अधिक रहा। इसी तरह कक्षा 8वीं में भी राज्य के औसत से इस बार परीक्षा परिणाम 2.61 प्रतिशत अधिक रहा। मप्र में कक्षा 5वीं में जिला का स्थान 19वां एवं कक्षा 8वीं का 23वां स्थान रहा। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के अलावा विद्यालय परिवार को बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर शुभकामनाएं दी।

### समेरिटन्स स्कूल जुमेराती और माखन नगर का परिणाम शत प्रतिशत




समेरिटन्स स्कूल जुमेराती नर्मदापुरम और माखननगर का कक्षा पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रहा। समेरिटंस जुमेराती में इस वर्ष कक्षा पांचवी में कुल 28 बच्चे और आठवी में 32 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। कक्षा पांचवी में पीयूष कुलहरा 92 और आठवी में इशिता सोनी 89 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। अन्य सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। इसी प्रकार माखन नगर स्कूल में कक्षा 5वीं की छात्रा आयुषी सराठे (92.2%), वैष्णवी तिवारी (92%) एवं वेदांत मीना (90.7%) एवं कक्षा 8वीं की छात्रा अन्वेषा साहू (91.8%), साक्षी कीर (91.6%), पायल मीना (90.1%) के साथ शाला में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार समेरिटंस इटारसी का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। इटारसी स्कूल में कक्षा पांचवी की संध्या धार्मिक 77 प्रतिशत के साथ प्रथम रही जबकि आठवी के दक्ष गोहिया प्रथम रहे। उन्हें 74 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य निधि दुबे एवं जागृति सिंह सहित शाला परिवार के समस्त सदस्यों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सहयोग विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**नर्मदापुरम।** शहर के सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय के सभी दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के संचालक आशीष चटर्जी ने बताया कि मंगलवार को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा घोषित हुए पांचवी और आठवीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के दृष्टिबाधित बच्चों ने सफलता प्राप्त की सभी बच्चे अच्छे अंकों के साथ में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, प्राचार्य और संचालकों में हर्ष व्यक्त किया।

# प्रतिमा तोमर को मिला मिसेज यूनिवर्स का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विगत दिनों दुबई में आयोजित मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारतीय संस्कृति परिधानों में भारतीय संस्कृति का जलवा दिखाकर नर्मदापुरम की प्रतिमा तोमर ने मिसेज यूनिवर्स का खिताब हासिल किया। 25 सितंबर को आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिमा तोमर पूर्व में एसआईटी एक्सप्रेशन मिसेज मध्यप्रदेश 2023 में रनरअप रही थी। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय काउंसिल ऑफ प्यूपिल के सेक्रेटरी मास्क वोसिंसकी यूएस जनपरिषद के चैयरमेन एनके त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी शिक्षाविद् नयनतारा पाठक, ओपी गुप्ता, जितेंद्र कपूर, पत्रकार द्वय गोविंद चौरसिया, रघुवीर तिवारी की उपस्थिति में प्रदान किया गया। जन अभियान परिषद के आर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी रामजी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का समापन कर सभी का आभार व्यक्त किया। ज्ञात रहे इसी कड़ी में सोमवार को मुंबई में टेलीविजन के सर्वश्रेष्ठ अवार्ड 'दादा साहेब फाल्के अवार्ड' से भी प्रतिमा को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मंदाकिनी द्वारा सम्मानित किया गया। यह समस्त नर्मदापुरम के लिए बड़े गौरव की बात है।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन के लिये विधान सभा होशंगाबाद के मतदान केन्द्र क्रमांक 24 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ग्राम पंचायत में पदस्थ प्रशासनिक अमले के द्वारा रैली निकाली गई। साथ ही सभी परिवारों से संपर्क कर 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की। मतदान केन्द्र क्रमांक 24 की बीएलओ अनीता शर्मा ने बताया कि मतदान केन्द्र में 1346 मतदाता हैं जिसमें 1310 मतदाता पर्ची वितरण कर दिया गया है 36 मतदाता पर्ची शेष बची हैं जो आज वितरित कर दी जायेंगी आपने बताया की मतदाता पर्ची बांटते समय सभी से मतदान करने की अपील भी कर रहे हैं। मतदाता जागरूकता रैली में ग्राम पंचायत बुधवाडा के सचिव राजेंद्र तिवारी, सहायक सचिव एवं बीलएओ अनीता शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण राजौरिया, आंगनबाड़ी सहायिका कृष्णा कुशवाहा, शिक्षक मानसिंह चौहान, अंजनी कुमार दीवान, अर्पणा जोशी, मंजूलता तिवारी शामिल रहे।

# जिम्मेदारी बताएगा, उंगली पर लगा चुनाव का निशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को होने जा रहे चुनावों में सभी मतदाताओ की भागीदारी सुनिश्चित करने कलेक्टर सोनिया मीना की पहल पर पर्यटन स्थलों पर चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप आईकॉन सारिका घारू ने मतदाताओं से अपील की कि आपकी उंगली में ये हिम्मत है कि वो आने वाले पांच सालों के लिये देश की सरकार बना सकती है। इसके लिये अब सभी मतदाताओं को घर से निकलना है और मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान कर अपनी सरकार बनाना है और इसके माध्यम से आपकी उंगली की ताकत दिखाना है। सारिका ने कहा कि नवमतदाता एवं युवा अपनी ताकत पहचाने क्योंकि मतदाता ही लिखेंगे आने वाले देश की किस्मत। देश को दिशा दिलाने के लिये वोट देने जरूर जाना है। शुक्रवार 26 अप्रैल को वोट देकर आप गर्व से कहिये इट इज माई मार्क ये मेरा निशान।

# नर्मदापुरम ने हरदा को 98 रन से पराजित किया

### इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही अंडर 22 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच मंगलवार को हरदा एवं नर्मदापुरम के मध्य खेला गया। बारिश के कारण यह मैच 20-20 ओवर का निर्धारित किया गया, जिस पर हरदा टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। नर्मदापुरम टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 170 रन बनाए टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए माधव शर्मा ने 45 रन शाश्वत भदोरिया 43 रन तथा सागर यादव ने नाबाद 32 रन बनाए हरदा टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनिकेत ने 1 विकेट तथा अनिमेष हतेल ने 1 विकेट का योगदान दिया इसके पश्चात 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरदा टीम मात्र 72 रनों पर ऑल आउट हो गई। हरदा टीम की ओर से अनुपम गीते ने सर्वाधिक 13 रन का योगदान दिया नर्मदापुरम टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए निष्कर्ष तेलंग ने 10 रन देकर 3 विकेट लिए तथा शिवा राजपूत ने 29 रन देकर 3 विकेट लिए। इस तरह नर्मदापुरम ने यह मैच 98 रनों से जीत लिया। मैच में अंपायरिंग की भूमिका सुनील कलोसिया एवं विष्णु बोरासी ने निभाई स्कोरर धीरज पाटिल रहे। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव श्री अनुराग मिश्रा ने बताया कि प्तयोगिता का तीसरा मैच बैतूल एवं नर्मदापुरम टीम के मध्य बुधवार को सुबह खेला जाएगा।

### अपर कलेक्टर ने मतदान सामाग्री प्राप्ति की मॉक ड्रील का निरीक्षण किया

**नर्मदापुरम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को आईटीआई महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अतंर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 के विधानसभा क्षेत्र 137 होशंगाबाद के मतदान सामग्री प्राप्ति की मॉक ड्रील का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की 25 अप्रैल को सामग्री का वितरण मतदान दलों को किया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही ना बरती जाए सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निर्वाहन पूरी तत्परता से करें, मतदान को सफल बनाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा की आईटीआई परिसर में सामग्री एवं वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रहे। वाहनों के कारण अनावश्यक जाम की स्थिति ना बनें सभी अधिकारी निर्धारित समय पर पहुंचकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव, सहायक रिर्टनिंग अधिकारी नीता कोरी एवं सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से सरकारी कर्मचारी की मौत

**पिपरिया।** पचमढ़ी रोड तबाकॉलोनी में निवास करने वाली नहर विभाग में कर्मचारी स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत ड्यूटी से वापस आने के बाद टहलने के लिए पचमढ़ी रोड पर निकले थे इसी बीच तेज रफ्तार में आने वाले ट्रैक्टर की चपेट में आने से 61 वर्षीय भगवान दास मांझी की गंभीर घायल हो जाने से सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने बताया कि योगेंद्र मांझी निवासी तवा कॉलोनी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 बजे रात को उनके पिता भगवान दास मांझी खाना खाकर पचमढ़ी रोड तरफ घूमने निकले थे पालीवाल गार्डन के सामने ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और घायल हो गए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन के द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है, इस अधिकार का उपयोग जरूर करें: कलेक्टर सोनिया मीना

# तबीयत बिगड़ने पर मतदान कर्मी व मतदाता को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। 26 अप्रैल को मुहूर्त की बहुत सी शादियां होने वाली है, ऐसे लोग जिनके विवाह होने हैं, उनसे और उनके परिजनों से संपर्क करके उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदान करना हमारा एक अमूल्य अधिकार है जो संविधान हमें प्रदान करता है। अतः इस अधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मंगलवार को चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक ले रही थी। उन्होंने बताया कि मतदान केदो में व्हीलचेयर की व्यवस्था रहेगी, यदि कोई दिव्यांग व्यक्ति या वृद्ध जन व्हीलचेयर की मांग करता है तो उन्हें व्हीलचेयर उपलब्ध कराया जाएगा। मतदान दिवस पर हर सेक्टर अधिकारी के साथ एक चिकित्सक और मेडिकल किट रहेंगे और हर मतदान केंद्र पर मेडिकल किट रहेगा। हृदय घात से प्रारंभिक उपचार के लिए टैबलेट भी प्रदान की जाएगी। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए की सामग्री वितरण स्थल एवं वापसी स्थल में पानी की टैंकर, शौचालय एवं लाइट की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाएगी। शहरी क्षेत्र के महिला बूथो में भी सभी



आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखेगी। सभी नगर पालिका कर्मियों के पहचान पत्र भी बनाए जाएंगे। फायर अलार्म के बारे में निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्ट्रांग रूम में फायर अलार्म एवं तहसील तथा सी एवं डी केटेगरी के स्ट्रांग रूम में फायर अलार्म अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन वाहनों एवं बसों के लिए 25 पेट्रोल पंपों का अधिग्रहण किया गया है। सभी बसों के ड्राइवर को डीजल की पर्ची एवं लागबुक दिए जाएंगे। पर्ची से वे अपने वाहन में डीजल भरवा सकेंगे। मतदान दल कर्मियों के लिए मतदान केंद्र और पेड काउंटर्स पर भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने मतदान दल की रवानगी के समय एवं वापसी के समय ट्रैफिक प्लान के बारे में निर्देश दिए की जाम की स्थिति ना बने। बताया गया कि मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के लिए लगभग 3238 पुलिस बल, होमगार्ड, एसएएफ, एसपीओएस की टीम तैनात रहेगी। सभी बल प्रातः 6 बजे सामग्री वितरण स्थल पर पहुंच जाएंगे। बताया गया कि विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में नियुक्त अतिथि शिक्षक एवं कोटवारों को भी ट्रेनिंग दी गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बसो के ड्राइवर एवं हेल्पर ईडीसी के माध्यम से मतदान करेंगे इसके लिए उनके द्वारा आवेदन भरे गए हैं। उन सब को ईडीसी जारी किए गए हैं। कुछ बसे रिजर्व में भी रहेंगी। सिवनीमालवा में 9 होशंगाबाद में 5 सोहागपुर में 14 पिपरिया में 12 बस रिजर्व में रखी गई है। सभी बसों में 25 अप्रैल को स्टीकर लगाने का काम एवं जीपीएस सिस्टम लगाने का काम किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैकेनिक की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बताया कि 658 केदो पर वेब कास्टिंग की जाएगी। मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर कैमरे लगाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र में लाइट बाधित ना रहे। उन्होंने स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त रूप से जनरेटर लगाने के भी निर्देश दिए।

### मतदान प्रक्रिया 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी

मतदान की प्रक्रिया 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5:30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5:30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।

### मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए आयोग के दिशा-निर्देश

मतदान के कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को जारी प्राधिकार-पत्र अहस्तांतरणीय है। जिस मीडिया कर्मी के नाम से प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, केवल वही व्यक्ति इसका उपयोग करेंगे। प्राधिकार-पत्र धारक मीडिया कर्मियों को मतदान के कवरेज के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेट, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। मीडिया प्राधिकार-पत्र धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। मीडियाकर्मी को अपने प्राधिकार-पत्र के साथ पहचान के लिए अपना सहज पहचान पत्र और मीडिया संस्थान द्वारा जारी परिचय-पत्र साथ रखना होगा। मतदान की गोपनीयता भंग न हो, इसलिए मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार की फोटो खींचना या वीडियो फिल्म बनाना सख्त मना है। मतदान केन्द्र से 100 मीटर के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का साक्षात्कार लेना प्रतिबंधित है। मतदान केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार का दखल, व्यवहार लोक प्रति. अधिनियम 1951 की धारा 131(1) (ख) अधीन दंडनीय अपराध है।

## खबर संक्षेप

### छुट्टी मांगने वाले कर्मियों का होगा हेल्थ चेकअप

**सीहोर** | निर्वाचन कार्य में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य खराब होने के आधार पर छुट्टी के आवेदन प्रस्तुत करने वालों का सोमवार को मेडिकल बोर्ड के सदस्यों द्वारा मेडिकल परीक्षण किया जाएगा। सोमवार को जिपं सभाकक्ष में मेडिकल बोर्ड बैठेगा, जहां अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही अधिकारी-कर्मचारी की छुट्टी स्वीकृत की जाएगी या अवकाश का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

### सरकारी स्कूलों में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम

**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरूआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है।

### पुलिस प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक जी. विजय कुमार (आईपीएस) ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह तथा एसपी मयंक अवस्थी से विस्तार से जानकारी ली।

## 5वीं का 93.59 और 8वीं का 91.72 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

# राज्य स्तर पर 5वीं में 22वीं रैंक व 8वीं में 16वीं रैंक पर रहा बैतूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

राज्य शिक्षा केन्द्र निर्देशानुसार बोर्ड पैटर्न पर आधारित कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम मंगलवार 23 अप्रैल को घोषित किया गया। जिसमें बैतूल जिले का परीक्षा परिणाम बहुत उत्कृष्ट तो नहीं कहा जा सकता, क्योंकि बैतूल जिला मध्यप्रदेश के टॉप-15 जिलों में तो शामिल नहीं हो सका। परंतु यह बात संतोषजनक एवं अच्छी कही जा सकती है कि बैतूल जिले की रैंक पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर हुई है।

डीपीसी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 5वीं में 23,935 दर्ज बच्चों में से 23,364 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 21,866 बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें ग्रेड ए एवं ए-प्लस बच्चों की संख्या 5,777 रही। परीक्षा परिणाम 93.59 प्रतिशत एवं ग्रेड ए एवं ए- प्लस बच्चों का प्रतिशत 24.73 रहा। राज्य स्तर पर कक्षा 5वीं में बैतूल जिला 22वीं रैंक पर रहा। इस प्रकार सत्र 2022-23 की तुलना में सत्र 2023-24 में परीक्षा परिणाम में 11.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा जिले ने 33वीं रैंक से 22वीं रैंक हासिल की। वहीं कक्षा 8 वी में 24,715 दर्ज बच्चों में से 23,938 बच्चें परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं 21,957 बच्चें परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें ए एवं ए-प्लस बच्चों की संख्या 7,055 रही परीक्षा परिणाम 91.72 प्रतिशत एवं ग्रेड ए एवं ए-प्लस बच्चों का प्रतिशत 29.47 रहा। राज्य स्तर पर कक्षा 8वीं में बैतूल जिला 16वीं रैंक पर रहा। इस प्रकार सत्र 2022-23 की तुलना में सत्र 2023-24 में परीक्षा परिणाम में 19.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई व जिले ने राज्य स्तर 41वीं रैंक से 16वीं रैंक हासिल की।

### चिचोली रहा जिले में अव्वल

सत्र 2023-24 में जिले के विकासखंड चिचोली का कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 99.09 प्रतिशत एवं कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 98.70 प्रतिशत रहा, जो जिले में प्रथम स्थान पर हैं। सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल अक्षत जैन द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सत्र 2023-24 में जो बच्चें परीक्षा में अनुपस्थित थे एवं मुख्य परीक्षा 2024 में जिन विषयों में अनुत्तीर्ण हुए है, उन बच्चों की पुनः परीक्षा जून-जुलाई 2024 में आयोजित की जायेगी, इस हेतु प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठकों को निर्देशित किया गया है कि उक्त श्रेणी के बच्चों की माह जून 2024 में परीक्षा की तैयारी करवाकर पुनः परीक्षा में शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।



## सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**बैतूल।** राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 5वीं एवं 8वीं का सरस्वती विद्या मंदिर कालापाठा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 8वीं में अध्ययनरत सभी 65 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित हुए हैं । विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा इसी प्रकार कक्षा 5वीं में सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालन समिति महर्षि अरविन्द शिक्षा समिति ने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष कश्मीरीलाल बतरा, सचिव मुकेश खंडेलवाल ने विद्यालय परिवार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। कक्षा 8वीं में साक्षी सहाने ने 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान और कक्षा 5वीं में दक्ष महाले ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य संजय उपाध्याय, शाला स्टॉफ, ईष्टमित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

## जंगल में बाबा की पूजा करने गए लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

### मधुमक्खियों के हमले में 15 लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती



**बैतूल।** जिले के धाराखोह के जंगल में धाराखोह बाबा की पूजा करने गए 15 लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसे सभी घायल हो गए। घायलों को घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घोड़ाडोंगरी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार भोपाल इटारसी एवं सारणी के करीब 40 से 50 लोग धाराखोह के जंगल में धाराखोह बाबा की पूजा करने गए थे। इसी दौरान खाना बनाने के लिए चूल्हा जलाया गया था। चूल्हे का धुंआ जैसे ही पेड़ पर लगी मधुमक्खियों के छाते पर पहुंचा, तो मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला करना शुरू कर दिया। जिस पर लोगों ने गांव की ओर भाग कर अपने आप को बचाई। वही मधुमक्खियों के हमले से 15 लोग घायल हो गए। जिन्हें घोड़ाडोंगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### धाराखोह बाबा की पूजा करने पहूंचते है लोग

ग्रामीण सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि धाराखोह बाबा की पूजा करने सारनी और भोपाल,बैतूल और इटारसी सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते है। रविवार शाम को भी करीब 40 से 50 लोग यहां पहुंचे थे। जिन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। लोगों ने अपने आप को गांव की ओर भाग कर बचाई। हमले में करीब 15 से अधिक लोग घायल हो गए। 15 घायल अस्पताल पहुंचे वहीं कुछ लोग सीधे घर चले गए।

## प्रचार-प्रसार के लिए संबद्ध वाहन की अनुमति 5 मई तक

**बैतूल।** निर्वाचन आयोग द्वारा रूपेश कुमार जावलकर के आवेदन पर निर्दलीय प्रत्याशी भूरेलाल बेठेकर के पक्ष में प्रचार प्रसार किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। आदेश के अनुसार वाहन टाटा मोटर एमपी 48 सी 5917 एवं एमएच 20 सीएस 4628 से संसदीय क्षेत्र 29 में प्रत्याशी के पक्ष में 5 मई 2024 सायं 5.00 बजे तक प्रचार-प्रसार किया जा सकेगा। निर्वाचन आयोग के एक अन्य आदेश के अनुसार बसंत माकोड़े के आवेदन पर भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उईके के पक्ष में वाहन सेवरलेट टवेरा एमपी 05 बीए 0798 को प्रचार प्रसार करने के लिए अनुमति प्रदान की गई है। वाहन से 5 मई 2024 की शाम 5 बजे तक प्रचार प्रसार किया जा सकेगा।

### प्राध्यापकों व बच्चों ने ली सेल्फी

## कॉलेज में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने सेल्फी प्वाइंट स्थापित

**बैतूल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल के निर्देश के परिपालन में प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में, स्वीप के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे के मार्गदर्शन में, डॉ. दीपक मानकर के संयोजन में, अर्पण पवार, रंजीत कास्दे, सुरभि जैन, ऋषक पारिसे द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय बैतूल में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सेल्फी पाइंट स्थापित किया। सेल्फी प्वाइंट पर प्राचार्य सहित 40 प्राध्यापकों एवं 100 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा फोटो खींचकर महाविद्यालय के ग्रुप में शेयर किए। अनेक विद्यार्थी स्वप्रेरणा से आकार फोटो ले रहे थे। सेल्फी पाइंट पर




ह्यमेरा वोट, मेरा अधिकारह्न, भारत का भावी मतदाता, मेरा पहला वोट देश के लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनेक कोटेशन अंकित किए गए। इस अवसर पर नवीन नागले और ललित तायवाड़े ने सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों का आभार माना।

### 8वीं में सभी प्रथम श्रेणी में हुए उत्तीर्ण

## माईन्ड्स आई इंटरनेशनल स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

माइन्ड्स आई इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अन्य गतिविधियों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा कर साबित कर दिया है कि यदि मेहनत लग्न से की जाए तो हर कठिन राह आसान हो जाती है। स्कूल का 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

8वीं बोर्ड के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 5वीं कक्षा के 92 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 8वीं में प्रथम कामना प्रजापति 86 प्रतिशत, द्वितीय मुस्कान देशमुख 85.8 प्रतिशत, तृतीय गौतमी राठौर 85.7 प्रतिशत और 5वीं कक्षा में प्रथम पीहू राठौर 92 प्रतिशत, द्वितीय



लावन्या माकोड़े 91 प्रतिशत तृतीय नव्या चौहान ने 90.5 प्रतिशत प्राप्त किए। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक अनिल राठौर, संचालक डॉ.ओपी राठौर, सचिव डॉ.रिशांक राठौर, प्राचार्या श्रीमती रश्मि कमाविसदार,शाला स्टॉफ सहित ईष्टमित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

### जय हनुमान व्यायाम शाला ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव

## डर से जीतना सिखाते हैं हनुमानः विजय आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जय हनुमान व्यायाम शाला बैतूल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य के श्री राधाकृष्ण धर्मशाला के सामने ठंडा मीठा शरबत और प्रसादी वितरण किया गया। उस्ताद विजय कुमार ह्यस्नेहीह्न ने कहा कि हनुमान गुणों की खान है उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

उन्होने कहा कि हनुमान का चरित्र बताता है कि दूर से जो चीजें समस्या की तरह दिखती हैं, वो समाधान भी हो सकती हैं, भगवान हनुमान डर से जीतना सिखाते हैं, समस्या से डरें नहीं, उसे कैसे सुलझाया जा सकता है ये सोचें, समय कम हो और काम ज्यादा तो बल का प्रयोग करें और दुश्मन की ताकत और धन-दौलत देखकर भी उससे प्रभावित ना हों। उन्होने कहा कि



महाबली ने बताया कि आदर्श दिनचार्या रखते हुए संयम का पालन करें। इस अवसर पर रवि मिश्रा, विनोद बुंदेले, मोहन बुंदेले, दीपक डहरिया, रवि सुरे, सुनील सोनी आदि व्यायाम शाला के पदाधिकारी और पहलवान मौजूद थे।

## नाबालिग सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 4 क्विंटल चना, 60 हजार रुपए नकद जब्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर में एक नाबालिक सहित दो शातिर चोर गिरफ्तार किए गए हैं। इनसे चोरी की गई घटना में उपयोग की गई मोटर साइकल जब्त की गई है। बताया गया है की आरोपी फरहान थाना जीआरपी भोपाल के चोरी के मामले में भी फरार था। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को पुरुषोत्तम निवासी किसान मोहल्ला भेरूंदा द्वारा अपने घर के बाहर से चना चोरी की शिकायत थाना भेरूंदा में की थी। मामले में थाना प्रभारी भेरुंदा घनश्याम दागी के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की गिरफ़्तारी



एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मिली सूचना पर आरोपी फरहान खां निवासी सद्दाम कॉलोनी भेरूंदा, एक नाबालिक को एमपीईबी कार्यालय परिसर सुभाष कॉलोनी भेरुंदा से गिरफ्तार किया गया।

जिन्होंने बताया कि दिनांक 27 मार्च को रात्रि लगभग 3 बजे दोनों दोस्तों ने मिलकर किसान मोहल्ला में आंगन में रखी चना की आठ प्लास्टिक की बोरी चोरी कर ले गए। आरोपी फरहान के कब्जे से उसके बताए अनुसार चोरी की गई चने की आठ बोरियां लगभग 4 क्वांटल, मोटर साइकल पैशन प्रो कुल कीमत 60 हजार जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फरहान वर्तमान में थाना जीआरपी भोपाल के मोबाईल चोरी के अपराध में फरार था।

## दिव्यांगजनों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान के लिए किए जा रहे प्रयासों के अनुक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय द्वारा दिव्यांग जनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगज सशक्तिकरण सुश्री रोशनी वर्मा ने बताया कि स्वीप प्लान के अंतर्गत बैतूल में आयोजित इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने बड़े ही उत्साह से कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ ली। मतदान के लिए आमंत्रित करने वाले स्लोगन्स का वाचन किया गया। सुश्री वर्मा ने बताया कि कलापथक दल द्वारा मतदान से संबंधित गीतों की स्थानीय भाषा में प्रस्तुति दी गई। दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनवाए गए। इस योजना में 23 हितग्राही लाभान्वित हुए।




### प्लेटफार्म 1 की बढ़ा रहे ऊंचाई यात्रियों के लिए बनेंगे 2 शेड

**सीहोर।** रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे में अब रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक 1 को ऊंचा किया जा रहा है। इसके चलते 15 दिन तक यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म क्रमांक 1 को बंद किया गया है। यात्रियों को उज्जैन-इंदौर की ओर जाने के लिए प्लेटफार्म क्रमांक 2 से ट्रेन पकड़ना पड़ रही है। क्योंकि प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर आने वाले सभी यात्री ट्रेनों का ठहराव प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर किया गया है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का रास्ता खुला है। बता दें कि सीहोर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ 60 लाख की लागत से पुनर्विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत सीहोर रेलवे स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, स्टेशन बिल्डिंग व साइनेज के कार्यों में अपग्रेडिंग की जा रही है। यही नहीं प्लेटफार्म नंबर-1 व प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर कवर शेड भी बनाया जाएगा। साथ ही क्राउड हैंडलिंग एरिया का विकास कार्य भी किया जाएगा। इन दिनों प्लेटफार्म क्रमांक 1 की ऊंचाई बढ़ाने का काम तेजी से चल रहा है। जिसके चलते करीब 15 दिनों तक प्लेटफार्म क्रमांक एक यात्रियों के लिए पूरी तरह से बंद किया गया है। इस दौरान प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर रुकने वाली सभी ट्रेनों को प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर रोका जा रहा है। बता दें कि अभी प्लेटफार्म क्रमांक 1 की ऊंचाई कम है। ऐसे में कई बार ट्रेन में यात्रियों को चढ़ने में परेशानी होती है। यही नहीं कई बार भीड़ के समय यात्रियों के ट्रेन से नीचे गिरने का भी भय बना रहता है। लेकिन प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के बाद इस तरह के हादसों की संभावना कम हो जाएगी।

### सेकेंड रेंडमाइजेशन में मतदान केंद्रों को आवंटित की गई ईवीएम

# दल प्रतिनिधियों के सहमत होने तक दोहराई जाए रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र मतदान के लिए आपके सहमत होने तक रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया दोहराई जाएगी, चुनाव आब्जर्वर प्रदीप ठाकुर ने यह बात मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशी एवं दल प्रतिनिधि से ईव्हीएम के लिए रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सेकंड रेंडमाइजेशन के बारे में बताया कि इस प्रक्रिया में लॉटरी की तर्ज पर मतदान केंद्रों के लिए ईव्हीएम आवंटित की जाती है। प्रत्येक राउंड में ईव्हीएम मशीनों का क्रम बदलता रहता है। जिस राउंड पर दल प्रतिनिधि अपनी सहमति व्यक्त करते है, उस राउंड को लॉक कर दिया जाता है एवं आखिरी राउंड पर बनी सहमति के आधार पर ही ईव्हीएम आवंटित की जाती है।

रेंडमाइजेशन के अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी अनिल उईके एवं प्रत्याशी प्रतिनिधियों में भाजपा से बसंत माकोड़े, कैलाश धोटे, आईएनसी देवेन्द्र वाद्य, बसपा से वंदना भूमरकर, आप से



शैलेष कुमार वाईकर, निर्दलीय रूपेश जावलकर, एवं दल प्रतिनिधि सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम मुलताई, एसडीएम घोड़ाडोंगरी एवं आमला, भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी, हरदा, टिमरनी एवं एसडीएम हरसूद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एनआईसी प्रमुख सुश्री रचना श्रीवास्तव द्वारा रेंडमाइजेशन की बिंदुवार एवं विधानसभा वार आवंटन की प्रक्रिया को क्रियान्वित किया गया। रेंडमाइजेशन की शुरुआत मुलताई के 296 पोलिंग स्टेशन के लिए ईवीएम मशीनों का आवंटन किया। इन 296 मतदान केन्द्रों में 28 शहरी, 268 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। इसके अलावा 81 क्रिटिकल, शेडो 3, पिंक मतदान केंद्र 05, आइडियल 05, दिव्यांग 01 एवं युवा 01 पोलिंग स्टेशन है। आमला के 276 पोलिंग स्टेशन के लिए ईवीएम मशीनों का आवंटन किया गया। आमला में 93 शहरी, 183 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र स्थित है, जिनमें 85 क्रिटिकल, शेडो 05, पिंक मतदान केन्द्र 05, आइडियल 05, दिव्यांग 01 एवं युवा 01 पोलिंग स्टेशन है। बैतूल के 297 पोलिंग स्टेशन के लिए ईव्हीएम मशीन आवंटित की गई। बैतूल में 103 शहरी, 194 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केन्द्र स्थित है। इनमें 79 क्रिटिकल, शेडो 3, पिंक मतदान केन्द्र 05, आइडियल 05, दिव्यांग 01 एवं युवा 01 पोलिंग स्टेशन है। घोड़ाडोंगरी में 365 पोलिंग स्टेशन के लिए ईव्हीएम मशीन आवंटित की गई। घोड़ाडोंगरी में 28 शहरी, 337 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केन्द्र स्थित है। इनमें 89 क्रिटिकल, शेडो 47, पिंक मतदान केन्द्र 05, आइडियल 05, दिव्यांग एवं युवाओं 01-01 पोलिंग स्टेशन बनाए गए है। भैंसदेही में 347 पोलिंग स्टेशन के लिए ईव्हीएम मशीन आवंटित की गई। भैंसदेही में 9 शहरी, 338 ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केन्द्र स्थित है। इनमें 90 क्रिटिकल, शेडो 16, पिंक मतदान केन्द्र 05, आइडियल 05, दिव्यांग 01 एवं युवा 01 पोलिंग स्टेशन शामिल है। टिमरनी में 243 मतदान केन्द्र के लिए 20 प्रतिशत आरक्षित ईव्हीएम के साथ 291 मशीन आवंटित की गई। हरदा में 274 मतदान केन्द्र के लिए 20 प्रतिशत आरक्षित ईव्हीएम के साथ 328 मशीन आवंटित की गई। हरसूद में 257 मतदान केन्द्र के लिए 20 प्रतिशत आरक्षित ईव्हीएम के साथ 308 मशीन आवंटित की गई।

### शुभ मुहूर्त में हुआ बजरंगबली का पूजन, जगह-जगह हुए सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा

# हर्षोल्लास के साथ शहर में मनाया संकट मोचक श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव

**संकट मोचक श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव शहर के समस्त क्षेत्रों में हनुमान भक्तों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों के अलावा अन्य स्थानों पर श्रीराम चरित मानस पाठ के सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर भक्तों ने मनवांछित फलों के लिए कामना की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवार संसार इस वर्ष भी चैत्र माह की पूर्णिमा के दिन हनुमान जन्मोत्सव नगर ग्रामीण क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिर में बड़े धूमधाम से महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस बार 23 अप्रैल 2024 को बहुत ही शुभ योग बने हैं हर साल की तरह इस बार भी राम भक्त हनुमान के जन्मदिन का पचमढ़ी रोड दुर्गा मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो पुराना गल्ला मंडी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समापन हुई नगर के प्रमुख मार्गो से निकल गई शोभा यात्रा में पूर्णिमा पर चित्रा नक्षत्र विश लग्न के योग के कारण बज रहे योग बन रहा है यह लंबे समय के बाद यह योग बना है स्वाति नक्षत्र शुरू होने के नक्षत्र में चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है और हनुमान का प्रिया दिन भी मंगलवार है वही बजरी योग साहस बाल और पराक्रम का परिचायक है इसलिए यह विशेष तौर से जन्मोत्सव में पूजा पाठ का विशेष कई गुना फल प्राप्त होता है। बड़े ही धूमधाम से घोड़े पर युवाओं को सवार कर हाथ में भगवा ध्वज लिए पूरे शहर को भगवा झंडा से चढ़ा सजाया गया पूरे हनुमान के मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया और इस पावन पर्व पर अनेक को जगह भंडारे अनिल को जगह महा आरती के आयोजन हुए सुंदरकांड हनुमान चालीसा रामचरितमानस के अनेक जगह पाठ बिठाले गए और यह उड़िया तिथि के अनुसार ही जन्मोत्सव मनाया गया। शोभापुर रोड मडिया पर विशेष भंडारे के आयोजन के साथ-साथ महा आरती के आयोजन भी किए गए सुबह से ही मंदिरों में लंबी कतारें देखी गई तो वहीं पर ग्रामीण क्षेत्र में भी लंबी-लंबी कतारें दादा के दरबार में लगी रही लोग सुबह से ही दादा की प्रार्थना करने के लिए दरबार में टिके रहे। पूर्णिमा होने के कारण मां नर्मदा के किनारे भी विशाल मेला लगा रहा स्नान ध्यान करने वाले लोगों की सुबह से ही मां नर्मदा के तत्वों पर भीड़ देखी गई। नगर में मंगलवार का चौराहे पर दुर्गा धार्मिक न्यास के द्वारा हनुमान जी महाराज का पूजा एवं शोभा यात्रा का स्वागत सम्मान किया गया वहीं पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी एवं समिति के सदस्यों के द्वारा भी शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सम्मान किया गया तमाम समाजसेवी संगठनों के द्वारा बढ़ाते हुए तापमान को लेकर ठंडे पानी एवं छाछ की व्यवस्था की गई सभी राजनीतिक दलों के संगठनों के पदाधिकारी शोभायात्रा में शामिल रहे तो वहीं पर हनुमान व्यायाम शाला हिंदू उत्सव समिति सहित तमाम सनातन हिंदू धर्म के संगठन के लोग भी शामिल रहे लोगों ने मंदिरों में पूजा कर भगवान से प्रार्थना की।

### हनुमान जन्म उत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**बनखेड़ी।** बनखेड़ी नगर में श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई ,शोभायात्रा पुराना बाजार से मुख्य चौराहा ,स्टेशन रोड हनुमान मंदिर से होकर सिद्ध हनुमान मंदिर पर समापन हुआ, शोभायात्रा में प्रसादी वितरण किया गया, बड़ी संख्या में लोग शोभा यात्रा में शामिल रहे।




### उत्साह व हर्षोल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**माखननगर।** हनुमान जन्मोत्सव पर श्री बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापिस बालाजी मंदिर पहुंच कर महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया। शोभायात्रा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त जनों ने प्रसादी ग्रहण करी शोभा यात्रा में श्री हनुमान जी की सुंदर आकर्षक झांकी सजाई गई एवं रामलला की प्रतिमा की सजावट कर सुंदर झांकी बनाई। भक्त जनों ने पूजन आरती कर पुण्य लाभ लिया जुलूस में नवयुवक एवं युवती पीले वस्त्र एवं सिर पर साफा बांधे हुए हनुमान जी के भजन की धुन पर तिलक रहे थे। हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभा यात्रा का नगर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों समाजसेवियों एवं राजनीतिक दलों के पदाधिकारी ने स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल भक्त जनों का शीतल जल फलाहार आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक सरवत पिलाकर स्वागत किया नगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर पुलिस थाना में स्थित हनुमान मंदिर जनपद पंचायत के मनसापुरम हनुमान मंदिर में पूजा पाठ एवं सुंदरकांड का भक्त जनों ने पाठ किया।

### मतदान के लिए विशेष प्रयास

# दूल्हा-दुल्हन को मिलेगा मतदान करने पर उपहार




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एसडीएम टी प्रतीक राव ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि 26 अप्रैल 24 को लोकसभा संसदीय क्षेत्र होशंगाबाद में मतदान किया जाना है। मतदाता मतदान करने जाते समय अपनी मतदाता पर्ची के साथ आयोग द्वारा जारी 13 दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज लेकर अवश्य जाएं। केवल मतदाता पर्ची मतदान के लिए वैध दस्तावेज नहीं है। मंगलवार को एसडीएम आफिस में एसडीएम टी प्रतीक राव और नगर पालिका सीएमओ ऋतु मेहरा ने कहा कि 26 अप्रैल को बहुत अधिक संख्या में शादियां होने से भी मतदान पर असर पडने के आसार हैं, ऐसे में हम प्रयास कर रहे हैं कि विवाह वाले परिवारों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान स्थल तक लाकर उनसे मतदान कराएं। दूल्हा-दुल्हन को उपहार मतदान करने जो भी दूल्हा-दुल्हन आएंगे उनको मतदान के साथ ही मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया जाएगा और एक उपहार भी दिया जाएगा। इसके अलावा दूल्हा-दुल्हन को वैवाहिक मुहूर्त को देखते हुए मतदान के लिए इंतजार नहीं कराया जाएगा बल्कि उनके लिए जल्दी मतदान की व्यवस्था की जाएगी। एसडीएम टी प्रतीक राव एवं नपा सीएमओ ने पत्रकारों के साथ हुई बैठक में कहा कि 26 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर मतदान करने आने वाले दूल्हा दुल्हन को प्रशासन द्वारा मुंह मीठा कराने के बाद उन्हें एक उपहार भी दिया जायेगा। एसडीएम ने शहर के सभी जागरूक मतदाताओं से अपील है कि वह अपने अपने क्षेत्रों पर रहकर घरों से मतदाताओं को बाहर निकालकर मतदान केन्द्र तक ले जाकर उनसे मतदान करायें ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ सके।

# कर्नल हरदीप सिंह ने किया एमजीएम कालेज में एनसीसी यूनिट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 23 अप्रैल को 13 एमपी बटालियन के मुख्य अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह ने एनसीसी यूनिट का निरीक्षण किया जिसमें सर्वप्रथम एनसीसी के कैडेट ने कर्नल को 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने कर्नल हरप्रीत सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं में अनुशासन, चरित्र, साहस की भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। एनसीसी का आदर्श वाक्य राष्ट्रीयता तथा अनुशासन है, जो आज की पीढ़ी की आवश्यकता है। एनसीसी देश के भावी देशभक्त नागरिकों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कर्नल हरप्रीत सिंह ने कैडेट को मोटिवेट करते हुए कहा कि एनसीसी अनेक अवसरों से परिपूर्ण है, जिसमें आपको अनेक तरह की कैंप, एडवेंचर सिखाए जाते हैं। आपको उत्साहित होकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेना है। सी सर्टिफिकेट से युक्त कैडिट को अनेक नौकरियों में विशेष लाभ प्रदान किया जाता है। इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ.धीरेंद्र शुक्ला तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता के मार्गदर्शन में एनसीसी प्रभारी श्रुति तथा डॉ. मनीष चौरे ने आयोजित किया।

# मतदान के लिए पीले चावल डालकर दिया आंमत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन के विभिन्न अंग मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । बीएलओ स्तर के कर्मचारी अधिकारी वर्ग के मतदाताओं को कार्यालय दर कार्यालय आमंत्रण दे रहे जिससे अन्य मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह और जागरूकता का भाव जागरूक हों । मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में महिला बाल विकास विभाग से आंगन बाडी कार्यकर्ता , सहायिका घर घर जाकर तपती धूप में पीले चावल दे कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रही हैं । शोभापुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर घर में ना सिर्फ पीले चावल डाल रही हैं बल्कि वह मतदाताओं से सूरज की पहली किरण में मतदान करने को कह रहे हैं ।

# चुनाव में आरटीओ और ट्रैवल एजेंसियों के बीच विवाद, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




हर बार जब चुनाव आते हैं तो आरटीओ और टूर एंड ट्रैवल एजेंसी के बीच चूहा बिल्ली जैसी है पकड़ पकड़ाई का खेल शुरू हो जाता है। आरटीओ तक लगाकर गाड़ी पढ़ते हैं और चुनाव ड्यूटी पर लगा देते हैं लगभग 6 महीने के बाद न्यूनतम भुगतान मिलने की तिलक से बचने के लिए टैक्सी ओनर अपनी गाड़ियों को चुनाव आते ही छुपा देते हैं लेकिन इस बार चुनाव में अपनी गाड़ियां लगाने वाले टैक्सी ओनर से लेकर ड्राइवर और यूनियन में कोई विशेष शिकायत सामने नहीं आई है क्योंकि ट्रैवल एजेंसी संचालक एवं ड्राइवर का कहना है कि इस बार शासन स्तर पर गाड़ियों का पैसा चुनाव के तत्काल बाद ही देने की बात कही जा रही है। वर्तमान में महंगाई को लेकर भी समय पर सही भुगतान का आश्वासन आरटीओ निशा चौहान के द्वारा दिया गया है इसलिए गाड़ियां प्रदान कर दी गई है। निर्वाचन कार्यालय तहसील के सामने ट्रैवल एजेंटीयों की दर्जनों गाड़ियां चुनाव के एक सप्ताह पूर्व ही नोडल अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि के पेंपलेट चिपका कर उन्हें प्रदान कर दी गई है जो लगातार मतदान केदो का तथा मतदान से संबंधित सामग्री का परिवहन भी किया जा रहा है।

# 64 कलश के साथ हुआ ज्वारों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ पर्यटन क्षेत्र मढ़ई के पास ग्राम टेका पार के दिव्या 64 योगिनी राजुल दरबार धाम में पंचमी के दिन 64 कलश स्थापना के साथ जवारे बोए गए थे।

9 दिन तक भक्ति भाव के साथ दिव्य राजुल दरबार में देवी भजनों जेसन आदि कार्यक्रमो का आयोजन दरबार की सिद्ध सेवक भूरेलाल कर द्वारा किया गया 9 वे दिन हवन पूजन महा आरती के साथ कन्या भोजन भंडारे का आयोजन आयोजन करके दिव्यराजुल दरबार धाम के कलश एवं जवारो का विसर्जन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यशाला में दिया पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी का महत्व तथा उसके संसाधनों का संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पृथ्वी को बचाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि पर्यावरण की चुनौतियों जैसे क्लाइमेट चेंज ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रयास करने और जागरुक करने के लिए पृथ्वी के महत्व को समझने और पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेने के लिए पृथ्वी तथा उसके संसाधनों का संरक्षण अति आवश्यक है। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. संजय आर्य ने बताया कि इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस की थीम है पृथ्वी दिवस 2024 का विषय ग्रह बनाम




प्लास्टिक है, जो 'मानव और ग्रह स्वास्थ्य की खातिर' प्लास्टिक के अंत का आह्वान करने की प्रतिबद्धता है।

थीम का प्रस्तावित लक्ष्य 2040 में प्लास्टिक के उत्पादन को 60 प्रतिशत तक कम करना और अंतः प्लास्टिक मुक्त भविष्य का निर्माण करना है। यह थीम हमें हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका की रक्षा करने के लिए एकजुट होकर इस ग्रह में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करती है, क्योंकि हरा-भरा भविष्य एक समृद्ध भविष्य है। पृथ्वी हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिये। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद है, लोग पृथ्वी के महत्वा को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरूक हों, साथ ही करोड़ों लोग मिलकर पृथ्वी से जुड़ी पर्यावरण की चुनौतियां जैसे क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैवविविधता संरक्षण के लिए प्रयास करने में और जागरुक हों। यही वजह है कि इस दिन पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया जाता है। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, डॉ. संजय आर्य, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. शिखा गुप्ता, पूनम साहू, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा, शोभा मीना, हेमंत गोहिया, तरुणा तिवारी, करिश्मा कश्यप एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता

# सीएम राइज स्कूल के छात्र का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के शासकीय सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में लगातार स्कूल के बच्चे उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं इसी के अंतर्गत 67वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए स्कूल के छात्र का चयन हुआ है इसे लेकर स्टाफ और विद्यार्थियों में खुशी है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी को पूणे महाराष्ट्र के लिए रवाना किया गया। बताया गया कि छात्र आशीष 19 वर्ष पिता नारायण सिंह का चयन रवि खेल के लिए हुआ है छात्र महाराष्ट्र में 23 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक आयोजित राष्ट्रीय खेल में खेल का प्रदर्शन करेगा एसजीएफआई स्कूल गेम के लिए मप्र टीम में उसका चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए संकुल प्राचार्य एवं विकास खंडित शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी, प्रदीप शर्मा संस्था प्राचार्य संजीव दुबे उप प्राचार्य अल्पना श्रीवास्तव वंदना बरोलिया मनीष जैन या अर्चना कर श्रीराम गुप्ता पीएम दुबे आईएस मेहरा अरविंद शर्मा प्रीतम पुरबिया सचिन पुरबिया सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों का प्रोत्साहन करते हुए स्वागत सम्मान किया गया। स्कूल के प्राचार्य संजीव दुबे ने राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित स्कूल के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक संपन्न

# सबसे पहले मतदान उसके बाद सारे काम, मतदाताओं को किया जाए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन संपन्न होना है इसमें मतदान का प्रतिशत बढाया जाना अति आवश्यक है। पिछले लोकसभा निर्वाचन एवं विधानसभा निर्वाचन से मतदान का प्रतिशत अधिक रहे इसी को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में सोजान सिंह रावत नोडल अधिकारी स्वीप प्लान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदा पुरम की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य बीएलओ, रोजगार सहायक, नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका के वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे जिला पंचायत सीईओ ने निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के बैठने के लिए टैंट आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाए तथा भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे पानी के मटके भी रखे जाएं मतदान केंद्रों पर कूलर पंखे की व्यवस्था भी आवश्यक रूप से की जाए जिससे कि मतदान दल एवं मतदाता किसी भी प्रकार से परेशान ना हो ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र में जिन परिवारों में 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम है। उनकी सूची तैयार कर ली जाए तथा उन्हें जागरूक किया जाए कि सबसे पहले बिना लाइन के मतदान कराया जाए ऐसे परिवारों को चिन्हित करके मतदाताओं को जागरूक किया जाए तथा जिस परिवार के सदस्य अन्य जगह वैवाहिक कार्यक्रम में जा रहे हैं उन्हें भी मतदान करने की समझाइए सदस्यों द्वारा दी जाए बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सभी सदस्य आज से ही सक्रिय हो जाए इसमें भी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए जिला पंचायत सीईओ द्वारा बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सभी सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई तथा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर भी किए गए। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सरोज सिंह परिहार, तहसीलदार राकेश खजूरिया, जनपद सीईओ श्रुति चौधरी, नपा सीएमओ शीतल भलावी, प्रभारी पंचायत निरीक्षक संजय तिवारी, प्रशिक्षण सहायक लीना तिवारी, बीआरसीसी संगीता यादव, लोकसभा निर्वाचन मीडिया प्रभारी राममोहन रघुवंशी आदि उपस्थित थे।



### शत प्रतिशत मतदान के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश व मतदाता जागरूकता शपथ और हस्ताक्षर अभियान




नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप गतिविधियां संचालित कराई जा रही है। जिसमे शत प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजन सिंह रावत द्वारा शासकीय कुसुम महाविद्यालय में सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ-साथ बैग ग्रुप बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सदस्यों 26 अप्रैल 2024 को सिवनी मालवा में होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के साथ-साथ मतदान केन्द्र में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए ताकि आम नागरिकों को मतदान के दौरान किसी प्रकार की समस्या ना हो। जिसमें यह निर्देश दिए गए सभी मतदान केदो में व्यवस्थित बैठक व्यवस्था,पीने के पानी, दिव्यांग हेतु व्हीलचेयर, शौचालय,चिकित्सा व्यवस्था आदि व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए साथ ही आगामी दिनों में शादी के बहुत मुहूर्त होने के कारण शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शादियां अधिक होने से मतदान प्रभावित न हो इसके लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्डों में सर्वे के माध्यम से जानकारी ली जाएगी साथ ही विवाह में सम्मिलित होने वाले परिवारों को मतदान केंद्र पर विशेष व्यवस्था के साथ मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा ताकि सभी नागरिक अपने मतदान की प्रक्रिया को आसानी से कर सके साथ ही प्रति प्रत्येक वार्डों में नोक द डोर(दस्तक अभियान) चलाया जाकर घर-घर मतदाता जागरूकता का कार्य बैग ग्रुप के माध्यम से किया जाएगा जिसमें एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी सरोज़ परिहार, तहसीलदार राकेश खजूरिया, नितिन राय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी मालवा श्रुति चौधरी, महिला बाल विकास अधिकारी रेखा यदुवंशी, राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके,स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा,स्वीप नोडल अधिकारी सचिन मलैया के साथ-सा समस्त बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया की निकाय द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बैग ग्रुप के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में सर्वे का कार्य करवाया जा रहा है जिसमें जिन परिवारों या रिश्तेदारों के यहां शादियां या मांगलिक कार्यक्रम है उनको चिन्हित कर 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत

**झिरन्या।** सीमावर्ती महाराष्ट्र की सीमा से लगे वनग्राम खड़िकया नदी (गाडगिया आम) में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक आदिवासी किसान की मृत्यु हो गई। जिसका नाम जिन्दरसिंह भाचरिया भिलाला, आयु 45 वर्ष है। घटनानुसार उक्त अंचल में हवा, आंधी के साथ तेज बारिश हो रही थी। इस दौरान वह छत पर रखे पशु आहार को बरसाती से ढांक रहा था और अचानक बिजली गिरने से उसकी म्रत्यु हो गई। थाना प्रभारी नाथुसिंह रंधा ने बताया कि पुलिस चौकी हेला पडावा के प्रभारी संतोष चौहान द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई।

### आज हरदा आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**हरदा।** प्रधानमंत्री की आज बुधवार को हरदा शहर में रैली प्रस्तावित है। वर्तमान में लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता लागू है। उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु राजनैतिक दल द्वारा सभा हेतु ग्राम अवगांवखुर्द की निजी भूमि चयनित की गई है एवं राजनैतिक दल द्वारा संबंधित भूमि स्वामी की उक्त भूमि पर सभा आयोजन हेतु सहमति प्राप्त की गई है। सभा के आयोजनकर्ताओं द्वारा आयोजन हेतु सभा की अनुमति, मंच, बैरीकेडिंग की अनुमति एवं हैलीकॉप्टर के उतरने एवं उड़ने की अनुमति हेतु आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत किये है। उक्त आवेदन आयोग की निर्धारित समय सीमा कार्यक्रम के 48 घंटे पूर्व किये गये है।

स्वच्छता सर्वे जुलाई में होना है और मई तक चुनावी ड्यूटी में रहेंगे कर्मचारी-अधिकारी

# 3 नए प्वाइंट शामिल, यलो स्पॉट को खत्म करने के 60 व पर्यटन स्थलों की सफाई के 140 नंबर तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का प्रस्तावित सर्वे जुलाई में तय हुआ है। इस बार भी अंक 9500 अंकों के आधार पर सर्वे होगा। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्राम 5705, सर्टिफिकेशन के 2500, जनआंदोलन के 1295 अंक रहेंगे। लोकसभा चुनाव के चलते कई नपा कर्मचारी और अधिकारी मई तक चुनावी ड्यूटी में व्यस्त रहेंगे। इसलिए इस बार नपा की रैंकिंग सुधारना चुनौती बना हुआ है।

इस बार सीहोर सहित देश के शहरों को इन अंकों तक पहुंचने के लिए तीन नए प्वाइंट पर बेहतर काम करना पड़ेगा। इनमें 2 प्वाइंट पर्यटन स्थल साफ-सुथरे और स्कूल के शौचालय सुविधा युक्त होना चाहिए। तीसरा शहर के यलो स्पॉट (यूरिन प्वाइंट) को लिया है। शहर में जगह-जगह पेशाब घर हैं। इसके बाद भी शहर में कई स्थानों पर लोग खुले में यूरीन करते दिख जाएंगे।

**यलो स्पॉट खत्म करने के लिए बनाया प्लान :** पिछले साल के सर्वे में आवारा पशु और सड़कों के गड्ढों को भी शामिल किया था। अभी इसको लेकर गाइडलाइन नहीं आई है। नई गाइडलाइन न आने तक नगरीय निकाय दोनों पर काम कर रहे हैं। फिर भी शहर में सड़कों पर आवारा पशु रोज घूमते नजर आ रहे हैं। सड़कों में भी कई स्थानों पर गड्ढे हैं। जहां से गुजरना मुश्किल हो जाता है। हालांकि नगर पालिका के अधिकारियों का दावा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नए प्वाइंट पर काम शुरू कर दिया है। वार्डों के स्वास्थ्य अधिकारियों से सरकारी और निजी स्कूलों के टॉयलेट का सर्वे करा रहे हैं। जहां-जहां कमियां मिलेंगी, उसमें सुधार कराया जाएगा। यलो स्पॉट को पूरी तरह खत्म करने के लिए भी नपा ने प्लान बनाया है।





### यलो स्पॉट: इनकी स्थिति खराब

शहर में यलो स्पॉट को लेकर स्थिति ज्यादा खराब है। अभी रेड स्पॉट पर हैं। पिछले साल तक ज्यादा ध्यान दिया जाता था। इसमें थूकने वालों को सड़कों पर रोकना था। इस बार यलो स्पॉट अलग से बिंदु लिया गया है। इसमें खुले में यूरीन स्पॉट को खत्म करना होगा। शहर में जगह-जगह पेशाब घर है। इसके बाद भी लोग खुले में पेशाब करते नजर आ ही जाते हैं। । इसकी स्थिति सुधारना चुनौतीपूर्ण है। यलो स्पॉट को खत्म करने पर 60 नंबर तय किए है।

### कई सरकारी स्कूलों में नहीं है सफाईकर्मी

स्वच्छ सर्वेक्षण में इस बार स्कूलों को भी शामिल किया गया है। सर्वे में नगरीय निकाय के सरकारी और निजी स्कूल दोनों को देखा जाएगा। उनके शौचालयों पर विशेष ध्यान रहेगा, जबकि जिले में कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जिनमें शौचालय ही नहीं हैं। ऐसे में इन शौचालय में निर्माण कैसे संभव है। वहीं जिनमें हैं वहां कर्मचारियों के अभाव में सफाई की व्यवस्था नहीं है। शौचालयों में सफाई व्यवस्था के अलावा पानी, लाइट, नलों की टोंटी ठीक होना चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय भी इसमें देखे जाएंगे।

# रंगोली के माध्यम से मतदाताओ को किया गया जागरूक

**नेपानगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा स्वीप गतिविधि आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में भी मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नेपा लिमिटेड की महिला कर्मचारियो द्वारा रंगोली के माध्यम से वोट के महत्व और लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता को लेकर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूकता संदेश दिया गया। इस अवसर पर काजोल बुग्गीवाला, सुषमा गौर, लक्ष्मी सेन, सपना दुबे, अदिति कलोसिया, कनक गुरव, प्रियंका गाढ़े, पल्लवी पटेल, तारनी सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

# खाना पकाते समय सिलेंडर में लगी आग, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शहर से करीब 6 किमी दूर ग्राम लोनी के डॉक्टर आंबेडकर वार्ड में खाना बनाते समय सिलेंडर में अचानक आग लग गई। दरअसल स्थानीय निवासी बुजुर्ग मोतीराम पिता प्रेमा ठाकरे ने जैसे ही रसोई में सिलेंडर पर खाना पकाने के लिए गैस चालू किया कुछ ही पलों में चूल्हे से होते हुए रेगुलेटर तक आग लग गई। देखते ही देखते सिलेंडर के रेगुलेटर पर आग की बड़ी लपटे भभकने लग गई।

मौके पर पहुंचकर उनके पड़ोसी संदीप ठाकरे और उनके भाई राजीव ठाकरे ने आग बुझाने की कोशिश की। उन्होंने तत्काल आग लगे एलपीजी सिलेंडर को पानी से भिगोए हुए जुट के बोरे से लपेटकर कवर कर दिया इससे सिलेंडर में लगी आग बुझ गई और एक बड़ा हादसा टल गया। किसी को कोई चोट नहीं आई। घटना सोमवार रात की है। इधर गैस सिलेंडर में आग लगने से कुछ देर के लिए आसपास अफरा, तफरी मच गई। संदीप ठाकरे ने बताया खाना बनाते समय कई वजहों से गैस सिलेंडर में आग लग जाती है।

इस दौरान कुछ उपायों को अपनाकर हम इस पर काबू पा सकते हैं। सबसे पहले तो गैस के चूल्हे या पाइप में आग लग जाने की स्थिति में गैस का नॉब तुरंत बंद कर देना चाहिए। आग अगर पाइप में लग गई है, तो तो गैस के नॉब या सिलेंडर के रेगुलेटर में से किसी एक को तुरंत बंद कर दें। सिलेंडर में आग लग जाने की स्थिति में सूती चादर, ज्युट के बोरे, कंबल या बड़ी टॉवल को पानी में भिगोकर तुरंत इस पर लपेट दें, क्योंकि सिलेंडर में आग लगने में पहले कुछ वक्त लगता है।

# मजदूरों के लिए कलेक्टर सिंह ने नई मासिक और दैनिक दरें की घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खण्डवा

कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने श्रमायुक्त मध्यप्रदेश द्वारा स्वीकृत नई दरों के आधार पर खण्डवा जिले के लिए उच्च कुशल, कुशल, अकुशल व अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिए नई दरें घोषित की है।

ये दरें विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल से 30 सितम्बर 2024 की अवधि के लिए घोषित की गई है। कलेक्टर सिंह द्वारा घोषित महंगाई भत्ते की दरों के अनुसार दिनांक 1 अप्रैल 2024 से आगामी 6 माहों के लिये अकुशल श्रमिकों को न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 9575 रूपये अथवा प्रतिदिन 319.17 रूपये, के अलावा 2225 रूपये प्रतिमाह अथवा 74.17 रूपये प्रतिदिन दर से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दिया जायेगा।

इस तरह अकुशल श्रमिकों को 11800 रूपये प्रतिमाह अथवा 393 प्रतिदिन दर से भुगतान किया जायेगा। इसी तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों को न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10571 रूपये अथवा प्रतिदिन 352.37 रूपये, के अलावा 2225 रूपये प्रतिमाह अथवा 74.17 रूपये प्रतिदिन दर से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दिया जायेगा। इस तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों को 12796 रूपये प्रतिमाह अथवा 427 प्रतिदिन दर से भुगतान किया जायेगा।

कुशल श्रमिकों को न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 12294 रूपये अथवा प्रतिदिन 409.80 रूपये, के अलावा 2225 रूपये प्रतिमाह अथवा 74.17 रूपये प्रतिदिन दर से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दिया जायेगा। इस तरह कुशल श्रमिकों को 14519 रूपये प्रतिमाह अथवा 484 प्रतिदिन दर से भुगतान किया जाएगा। उच्च कुशल श्रमिकों को न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 13919 रूपये अथवा प्रतिदिन 463.97 रूपये, के अलावा 2225 रूपये प्रतिमाह अथवा 74.17 रूपये प्रतिदिन दर से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दिया जायेगा। इस तरह उच्च कुशल श्रमिकों को 16144 रूपये प्रतिमाह अथवा 538 प्रतिदिन दर से भुगतान किया जायेगा।

बहकावे में कभी ना आना, सोच-समझ कर बटन दबाना

# मतदाताओं को मतदान करने के लिए दिलाया जा रहा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खण्डवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जबकि खण्डवा जिले के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आगामी 7 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत शाहपुरा, ग्राम पंचायत चिचगोहन, ग्राम सुंदरदेव आदि ग्रामों में मतदाताओं को मतदान करने एवं मतदान के प्रति प्रेरित करने हेतु संकल्प दिलाया।




ग्राम कुम्हारखेड़ा की बाउंड्रीबाल का मामला

# दो माह के बाद भी जांच बाकी अधिकारी कर रहे लिपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

विकास खंड खालवा के ग्राम कुम्हारखेड़ा मे शाला की बाउंड्रीबाल को लेकर मंगलवार को खंडवा कलेक्टर सहित जिला सीईओ को शिकायत की गई। शिकायत कर्ता मन्नू देवड़ा ने शिकायत के माध्यम से अवगत कराया की ग्राम कुम्हारखेड़ा मे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत शाला की बाउंड्रीबाल का निर्माण कराया गया था। जिसका ईस्टीमेट उपयंत्री द्वारा सात लाख 90 हजार का बनाया जाकर बाउंड्रीबाल की लंबाई 127.6 मीटर लिखी गई थी। ऐसा की बाउंड्रीबाल बनने के बाद दीवार पर योजना संबंधित विवरण भी लिखा गया। जिसमें लागत 7 लाख 90 हजार दर्शाई गई।

समाचार पत्रों मे खबर के बाद खंडवा कलेक्टर अनूप सिंह द्वारा भी बैठक के दौरान बाउंड्रीबाल कम बनने की समीक्षा की गई थी। इस पर खालवा सीईओ द्वारा सहायक यंत्री से जांच करवाई गई। वहीं सहायक यंत्री श्री बरकने द्वारा जांच के बाद दी गई जांच रिपोर्ट में बताया कि 12 एम एम के सरिये लगाने के साथ ही बाउंड्रीबाल की लंबाई पूर्ण है। जबकि मौके पर कालम मे 10 एम एम के सरिये लगे हैं।बाउंड्रीबाल की लंबाई भी महज 105 मीटर ही है। वहीं उपयंत्री रविंद्र सनखेड़ा द्वारा माप पुस्तिका के पृष्ठ क्रमांक 140,141, 142,143 पर पूर्ण मूल्यांकन 7 लाख 90 हजार रुपए का किया गया। जिसका मतलब उपयंत्री द्वारा शासन की राशि का फर्जी मूल्यांकन कर राशि आधारित करने की कोशिश की आ रही थी। खालवा सीईओ के संज्ञान मे मामला होने के बाद की खालवा जनपद द्वारा कार्यवाही के नाम पर लिपा पोती की जा रही हैं। ज्ञात हो की उपयंत्री रविन्द्र सनखेड़े द्वारा भी कम काम करवाया जाकर पूर्ण मुल्याकन किया गया हैं। इससे प्रतीत होता हैं। की शासन की राशि को सरपंच व उपयंत्री द्वारा कैसे चुना लगाया जा रहा था।इस संबंध मे जिला पंचायत सीईओ से बात की तो उन्होंने हमेशा की तरह कहाँ की व्हाट्सअप कर दीजिये दिखवाता हूँ। जबकि दो माह पूर्व भी अवगत कराया गया था। ग्रामीण क्षेत्रों मे निर्माण कार्यो मे अधिकारी कर्मचारियों की मिलीभगत व लिपपोती कोई नई बात नहीं हैं।मोटे कमीशन के लालच मे जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही से बचते नजर आ रहे हैं।




**दिखवाता हूं**

जांच हुई है मैं जांच रिपोर्ट दिखवाता हूं, देख कर बताता हूं।
शैलेंद्र सिंह सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ

शहर में दिनभर चले भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ भी हुआ

# खंडवा में हनुमान जयंती पर पूजा-पाठ व भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भंडारों में बंटी साग-पुरी, नुकती भगवान श्रीराम के परमभक्त संकट मोचक बजरंग बली का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान के मंदिरों में दिनभर पूजा-पाठ चलती रही। श्रद्धालुओं ने तेल-सिंदूर का लेप लगाकर चोला चढ़ाया, वहीं गुड़-चना का भोग लगाया।

मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सुंदरकांड किए गए नगर में हनुमान जयंती का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह उत्सव हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया और नगर के हर कोने में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों ने उत्सव का अत्यंत धूमधाम से हनुमान का जन्मदिन मनाया। हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ का आयोजन किया गया।

भक्तों ने विशेष उपायों के साथ हनुमान जी की पूजा की और हनुमान जी को प्रसन्न किया। भंडारों में भक्तों को साग-पुरी और नुकती के रूप में प्रसाद बांटा गया। हनुमान जयंती के अवसर पर भजन-कीर्तन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने हनुमान जी के गुणगान किए। साथ ही, सुंदरकांड का पाठ भी किया गया, जिससे भक्तों को श्रीराम और हनुमान जी के गौरवपूर्ण कथाओं का आनंद मिला। इस उत्सव में शामिल हुए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, और इस सांस्कृतिक आयोजन को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना। उन्होंने इस अवसर पर हनुमान जी की कृपा के लिए प्रार्थना की और उनकी आसीर्वाद का आभास किया।

जिलेभर में हनुमान जयंती पर हुए आयोजन

## पूजा-अर्चना का दौर चला, जगह जगह भंडारे हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

हनुमान जयंती के अवसर पर मंगलवार को जिलेभर में उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। श्री इच्छेश्वर हनुमान मंदिर लोधीपुरा में काफी संख्या में जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस ने पूजा, अर्चना की। वहीं उन्होंने युवतियों के साथ लेझिम भी खेली।

इधर, जिले के नेपानगर, खकनार सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी हनुमान जयंती पर भंडारे आयोजित हुए। सुबह से ही जिलेभर में हनुमान मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। लोधीपुरा में श्री इच्छेश्वर हनुमान मंदिर समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यहां महाआरती के बाद भंडारा हुआ। साथ ही भजन कीर्तन किया गया। वहीं रोकड़यिा हनुमान मंदिर में सुबह 9 बजे से संगीतमय श्री अखंड रामायण पाठ की शुरूआत हुई। सुबह आरती, पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ। दिनभर दर्शन के लिए यहां भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं नेपानगर के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा, अर्चना के लिए सुबह से भक्तों की भीड़ रही। दोपहर में भंडारा हुआ। लोधीपुरा स्थित इच्छेश्वर हनुमान मंदिर परिसर में श्री राधे मंडल के हारूण खान ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्री इच्छेश्वर हनुमान मंदिर के राकेश तिवारी ने बताया कि हारूण खान बुरहानपुर के ही रहने वाले हैं और भजन, रामायण पाठ आदि करते हैं। हनुमान जयंती पर दोपहर 12 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक उन्होंने संगीतमयी भजनों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा जिलेभर में जगह जगह आयोजन हुए।

रात में खनन कर चंपत हो जाती हैं मशीनें, अधिकारी ने कहा दर्ज होगी एफआइआर

# जिला प्रशासन के आदेश का असर नहीं, बेखौफ होकर बोरिंग मशीनें कर रही हैं नलकूप खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

जिला प्रशासन ने 30 जून तक खरगोन जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में बोरिंग मशीनें बेखौफ होकर नलकूप खनन कर रही है। उन्हें शाम के समय गाँवों की ओर जाते हुए देखा जा सकता है। रविवार को भी बोरिंग मशीन एवं अन्य वाहन को बांयखेड़ा मार्ग की ओर जाते हुए देखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार न्यू बस स्टैंड की ओर से मशीन एवं वाहन आए और उन्हें उक्त गाँव की ओर जाते हुए देखा गया। वे कहाँ से आये थे और किस गाँव या खेत में उत्खनन किया? इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। लेकिन ये रात भर खनन करते हैं और दूसरे दिन अन्य स्थान पर चले जाते हैं अथवा वापस लौट जाते हैं। यह क्रम बेखौफ होकर निरंतर चल रहा है और उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

प्रतिबन्ध का असर नहीं,स्त्रोत भी सूखे जिला प्रशासन ने मार्च में ही पेयजल परिरक्षण अधिनियम प्रभावशील कर नलकूप खनन प्रतिबंधित कर दिया गया था। वहीं इस अवधी में नदी,तालाबों,नलकूप और अन्य सभी जल स्त्रोतों में संग्रहित जल को जनहित में सुरक्षित रखने के भी निर्देश हैं। यह आदेश 30 जून तक प्रभावशील है। परन्तु इस आदेश का भी कोई असर नहीं हुआ है। इन दिनों अधिकांश नदी नाले और जीवन दायिनी वेदा नदी भी सूख चुकी हैं। जबकि मनरेगा में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अधिकांश जल संरचनाएं भी जलविहीन है। लेकिन उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इन हालातों में ग्रामीणजन पेयजल एवं निस्तार सुविधा की समस्या से जूझ रहें हैं। वहीं भूमिगत जल स्तर निरंतर गिरने से समस्या गहराती जा रही है और बोरिंग मशीनें क्षेत्र में अवैध रूप से नलकूप खनन कर रही है,जो चिंताजनक है।




**कार्रवाई करेंगे**

जिले में पेयजल परिरक्षण अधिनियम प्रभावशील है। इसलिए शिकायत मिलने पर थाणे में एफ़आइआर दर्ज कराई जाकर अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बोरिंग मशीनें रात में नलकूप खनन करके सुबह चंपत हो जाती है।
जीके गुप्ता, प्रभारी एसडीओ,पीएचई विभाग भीकनगाँव